सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स के द्वारा जन जागरूकता रैली का आयोजन

दिनांक 21 अप्रैल 2022 को जनता कॉलेज बकेवर में 18 अप्रैल 2022 से 22 अप्रैल 2022 तक चलने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत एनसीसी प्रभारी श्री ब्रह्मानंद के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स के द्वारा जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । रैली का शुभारंभ होने से पूर्व कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर एम पी यादव ने एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की उन्होंने बताया कि जब भी हम मोटरसाइकिल या कार के द्वारा सड़क पर सफर करें तो हमे ध्यान रखना चाहिए कि मोटरसाइकिल पर हेलमेट और कार में सीट बेल्ट को लगाए रखना बहुत ही जरूरी है जो हमारे अमूल्य जीवन को सुरक्षा प्रदान करते हैं | इसी क्रम में कॉलेज के अन्य वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर एमपी सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को सड़क पर पैदल यात्रा करते समय किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इसके बारे में जानकारी दी| अंत में कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा से संबंधित अनेक बहुमूल्य जानकारियां प्रदान करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया| रैली के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगंस का उद्घोष किया और सड़क पर चल रहे अनभिज्ञ मोटरसाइकिल एवं कार चालकों को बहुमूल्य जानकारियां प्रदान की जिससे कि वह अपना जीवन सुरक्षित रख सकें| इस मौके पर कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर एम पी यादव ,डॉक्टर एमपी सिंह ,डॉक्टर संजीव कुमार ,अंडर ऑफिसर एवं आकाश चौधरी और अवनीश कुमार आदि उपस्थित थे|

स्कूल बस की जांच करते एआरटीओ बृजेश कुमार। संवाद

जागरुकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स । संवाद

हेलमेट और सीट बेल्ट जरूर लगाएं

बकेवर। सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जनता कॉलेज से एनसीसी प्रभारी ब्रह्मानंद शर्मा के निर्देशन में जागरुकता रैली निकाली गई। प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने सड़क पर चलने के नियमों की जानकारी दी। शिक्षक डॉ. एमपी यादव ने कहा कि मोटरसाइकिल में सफर करते समय हेलमेट और कार में सफर करते समय सीट बेल्ट लगाना बहुत जरूरी है। डॉ संजीव कुमार, आकाश चौधरी और अवनीश कुमार मौजूद रहे। नारायन